शैक्षणिक कलेण्डर

वर्ष 2007 – 2008

लोक शिक्षण संचालनालय मध्यप्रदेश

लोक शिक्षण संचालनालय
मध्यप्रदेश

क्रमांक / विद्या / 2007–08 / ई / 940 भोपाल, दिनांक 15 जून 2007

प्रति,

समस्त जिला शिक्षा अधिकारी,
मध्यप्रदेश।

विषयः– शिक्षण सत्र 2007–2008 की शैक्षणिक गतिविधियों का वार्षिक पंचांग।

किसी भी कार्य की सफलता उसकी सुनियोजित कार्ययोजना पर निर्भर करती है। गतवर्षों के परीक्षा परिणामों ने इस तथ्य को प्रमाणित भी कर दिया है। इस महत्त्वपूर्ण कार्य में हमारे प्राचार्यों तथा शिक्षकों की अविस्मरणीय भूमिका रही है। इसी क्रम में मार्गदर्शन हेतु शिक्षण सत्र 2007–2008 के लिए शैक्षणिक कलेण्डर जारी किया जा रहा है। प्रयास यह किया गया है कि शैक्षणिक गतिविधियों के अतिरिक्त विद्यालय में होने वाली समस्त पाठ्यक्रमेतर गतिविधियों का समावेश कलेण्डर में हो जाये। इसके अतिरिक्त विद्यालयों से संबंधित विभिन्न विभागीय योजनाओं की संक्षिप्त जानकारी के साथ उसके क्रियान्वयन की समय सारिणी भी कलेण्डर में समावेशित है।

विगत दो वर्षों से प्रत्येक विद्यालय के द्वारा अपने विद्यालय की स्वयं की कार्ययोजना का निर्माण कर उसका क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा रहा है। विद्यालयों की कार्ययोजना और अधिक उत्कृष्ट बन सके इस हेतु शैक्षणिक कलेण्डर आधारभूमि प्रदान करेगा तथा कलेण्डर में वर्णित गतिविधियां विद्यालयों की कार्ययोजना में मील का पत्थर सिद्ध होंगी।

यहां यह भी उल्लेख करना अप्रासंगिक नहीं होगा कि योजना की उपलब्धता तथा उसके क्रियान्वयन में भारी अन्तर होता है। अतः संस्था प्राचार्यों का यह गुरुतर दायित्व है कि वे इसे महज एक पुस्तिका न मानते हुए विद्यालयीन गतिविधियों के जीवन्त दस्तावेज के रूप में स्वीकार करें तथा पूर्ण मनोयोग के साथ इसका क्रियान्वयन सुनिश्चित करें।

आशा है कि यह कलेण्डर विद्यालयों के लिए दर्पण का कार्य करेगा तथा शैक्षणिक सुधारों के क्रम में हमारे प्राचार्य साथियों को महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान करेगा।

(एल.एस.बघेल)
आयुक्त
लोक शिक्षण,मध्यप्रदेश

मध्यप्रदेश शासन
स्कूल शिक्षा विभाग

शैक्षणिक कलेण्डर वर्ष 2007–2008

सुनियोजित कार्ययोजना का निर्धारण तथा उसका क्रियान्वयन किसी भी लक्ष्य की प्राप्ति का सर्वाधिक सशक्त माध्यम है। गुणवत्तापरक शिक्षा हेतु शिक्षण कार्य तथा विभिन्न गतिविधियों, कार्यक्रमों आदि का सुविचारित तथा समयबद्ध निर्धारण अत्यन्त आवश्यक है। इस दृष्टि से शैक्षणिक कलेण्डर तैयार किया गया है।

उद्देश्य ::

- मध्यप्रदेश के समस्त शासकीय एवं मान्यता प्राप्त अशासकीय विद्यालयों में पाठ्यक्रम एवं पाठ्यसहगामी गतिविधियों के आयोजन में एकरूपता बनाये रखना।
- उत्कृष्ट एवं गुणवत्तापरक शिक्षा उपलब्ध कराना।
- विद्यार्थियों के चतुर्दिक् विकास से सम्बद्ध समस्त पक्षों के क्रियान्वयन हेतु मार्गदर्शन प्रदान करना।
- समाज में सकारात्मक भूमिका निभाने हेतु छात्रों को गुणात्मक एवं सुव्यवस्थित शिक्षा के अवसर प्रदान करना।
- विद्यार्थियों के व्यक्तित्व का विकास करने एवं उनका आत्मविश्वास बढ़ाने के लिये वातावरण निर्माण करना।
- पालक, शिक्षक,प्रशासक एवं विद्यार्थियों को एकरूप, एकसाथ समस्त विद्यालयीन वार्षिक गतिविधियों से अवगत कराना, जिससे वे अपने वैयक्तिक एवं सामूहिक लक्ष्यों को प्राप्त करने हेतु रणनीति तैयार कर सकें।
- विद्यार्थियों को शैक्षिक, व्यावसायिक एवं समाज की मांग के अनुसार सभी क्षेत्रों में दक्षताएं प्रदान करना।
- विद्यार्थियों की शिक्षा से जुड़े सभी सम्बद्ध पक्षों यथा– शिक्षकों ,पालकों एवं प्रशासकों को उनसे की गई अपेक्षाओं के अनुरूप उन्हें उचित निर्देश , सुझाव एवं लक्ष्य उपलब्ध कराना।
- विद्यार्थियों की सृजनात्मक प्रतिभा को विकसित करना।
- विद्यार्थियों के सतत मूल्यांकन संबंधी प्रणाली को प्रभावी बनाना।
- प्रदेश के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को प्रोत्साहित एवं सम्मानित करना।
- निःशक्त बच्चों का आत्म विश्वास बढ़ाना तथा उ नकी अन्तर्निहित प्रतिभा को निखारना।
- राष्ट्रीय पर्वों के आयोजन द्वारा विद्यार्थियों में राष्ट्रीय एकता ,अखण्डता एवं देशप्रेम की भावना जागृत करना तथा उन्हें सामाजिक मूल्यों के प्रति संवेदनशील बनाना।
- उत्सवों के आयोजनों द्वारा भारतीय संस्कृति से परिचित कराना एवं समानता की भावना पैदा करना।
- संस्था प्रधानों एवं शिक्षकों को उनके दायित्वों से अवगत कराना।
- संस्थाओं के निरीक्षण एवं परीक्षा की प्रभावी प्रणाली विकसित करना।
- शैक्षणिक प्रशासन का सुदृढ़ीकरण करना।
- सत्र 2006–2007 से किये गये सफल शैक्षणिक प्रयोगों को सत्र 20 07–2008 में भी जारी रखना।
- शिक्षा के क्षेत्र में कार्यरत समस्त हितबद्ध समूहों के प्रतिनिधियों से चर्चा उपरान्त तैयार की गई शैक्षणिक सुधार योजना का क्रियान्वयन करना।
- विद्यालयों में पालक शिक्षक संघ के माध्यम से पालकों की भूमिका सुनिश्चित करना।
- विद्यालयों में छात्रों की नियमित उपस्थिति हेतु विशेष प्रयास करना।
- विद्यालय में उपलब्ध संसाधनों का समुचित उपयोग सुनिश्चित करना।
- प्राचार्यों को अपने स्कूल को मॉडल स्कूल बनाने हेतु सक्षम करना।
- शिक्षण में सूचना प्रौद्योगिकी के माध्यम से शिक्षण सुविधा उपलब्ध कराना।
- विद्यालयों में विद्यार्थियों को कैरियर संबंधी समुचित मार्गदर्शन उपलब्ध कराना।
- राज्य शासन द्वारा विद्यार्थियों के हितार्थ संचालित योजनाओं का लाभ हितग्राहियों को समय पर मिले इसकी रणनीति सुनिश्चित करना।
- विद्यालय की कार्ययोजना के निर्माण हेतु संस्था प्राचार्य को समयबद्ध गतिविधियों की जानकारी देना।

- विद्यालयवार तथा जिलावार कार्ययोजना के निर्माण हेतु प्रेरित करना।
- बालकों के स्वास्थ्य रक्षण के प्रति सचेष्ट रहना।

1. शैक्षणिक गुणवत्ता हेतु समयबद्ध कार्ययोजना का निर्माण ::

1.1 विद्यालय की कार्ययोजना ::

लोक शिक्षण संचालनालय के पत्र क्रमांक/विद्या/ई/06/908 भोपाल दिनांक 11/06/2007 द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुसार विद्यालयवार कार्ययोजना का निर्माण किया जाये जिसमें परीक्षा परिणाम का विश्लेषण तथा आगामी वर्ष की कार्ययोजना प्रस्तुत की जाये। विद्यालयवार कार्ययोजना का निर्माण 30 जून 2007 तक कर लिया जाये।

1.2 जिले की कार्ययोजना ::

जिला शिक्षा अधिकारीगण जिले के सभी विद्यालयों को समाहित कर दिनांक 15 जुलाई 2007 तक जिले की कार्ययोजना तैयार करेंगे। जिलास्तरीय कार्ययोजना निर्माण संबंधी तैयारियों की समीक्षा संचालनालय के प्रतिनिधि/अधिकारी दिनांक 23 एवं 24 जून 2007 को जिले में उपस्थित होकर करेंगे। कार्ययोजना में निम्नांकित बिन्दुओं का समावेश आवश्यक होगाः–

क्रमांक	बिन्दु	समयचक्र
1.	शाला में प्रवेश एवं ठहराव (रिटेंशन) संबंधी समीक्षा	प्रतिमाह
2.	स्कूलों में पालक शिक्षक संघ के गठन एवं बैठकों की स्थिति की समीक्षा	त्रैमासिक
3.	स्कूलों में त्रैमासिक मूल्यांकन की स्थिति की स्कूलवार समीक्षा	अक्टूबर, दिसम्बर
4.	त्रैमासिक/छःमाही मूल्यांकन के आधार पर अधिभार की समीक्षा	अक्टूबर, दिसम्बर
5.	स्कूलों में निदानात्मक/उपचारात्मक कक्षाओं के आयोजन की समीक्षा	अक्टूबर, जनवरी
6.	अधिक नामांकन वाले विद्यालयों की सतत मानीटरिंग	प्रतिमाह
7.	जिला अन्तर्गत अतिथि शिक्षकों की आवश्यकता का आकलन एवं व्यवस्था	जुलाई
8.	पालक शिक्षक संघ के माध्यम से अतिथि शिक्षकों की व्यवस्था की समीक्षा	प्रतिमाह
9.	विद्यालयों के विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति की समीक्षा	प्रतिमाह
10.	संचालनालय द्वारा प्रदाय की जाने वाली छात्रवृत्ति मृत, अपंग, सेवानिवृत्त, पितृहीन कन्या, दस्यु पीड़ित परिवार के बच्चे, परंपरागत संस्कृत पाठशालाओं के बच्चे, नेशनल मेरिट छात्रवृत्ति, हाईस्कूल/हायरसेकण्डरी में संस्कृत अध्ययनरत मेधावी विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति की समीक्षा	प्रतिमाह
11.	विद्यालयों में उपलब्ध संसाधनों की समीक्षा	प्रतिमाह
12.	पर्यावरण क्लब (ईको क्लब) की गतिविधियों की समीक्षा	प्रतिमाह
13.	स्कूलों में योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति की समीक्षा	प्रतिमाह
14.	अकादमिक कलेण्डर के अनुसार गतिविधियों के आयोजन की समीक्षा	प्रतिमाह
15.	विद्यालयों में इन्फ्रास्ट्रक्चर विकास के लिये प्रयास की समीक्षा	सतत
16.	25 प्रतिशत स्कूलों का अकादमिक निरीक्षण	प्रतिमाह
17.	प्रत्येक स्कूल का जिला शिक्षा अधिकारी/अधीनस्थ अधिकारी द्वारा आकस्मिक निरीक्षण,	प्रतिमाह
18.	निःशुल्क पाठ्यपुस्तक वितरण तथा बुक बैंक योजना	जुलाई, अगस्त
19.	राज्यस्तरीय/जिलास्तरीय तथा अन्य संबंधित प्रशिक्षणों की समीक्षा	प्रति सप्ताह
20.	विभिन्न उत्सवों, यथा– मोगली उत्सव, बाल दिवस, बालरंग, बालफिल्म, संस्कृत समारोह, मदरसा प्रतियोगिताएं ,निशःक्त बच्चों की तथा योग, खेलकूद आदि प्रतियोगिताओं की समीक्षा	सत्र पर्यन्त
21.	विभिन्न विद्यालयों के भण्डार एवं लेखों का विशेष परीक्षण	अप्रेल, मई, जून
22.	विद्यार्थियों का नेत्र परीक्षण	अगस्त, सितम्बर
23.	बाह्य मूल्यांकन दलों का गठन कर फीडबेक प्राप्त करना	सितम्बर, अक्टूबर
24.	दूरस्थ अंचलों के कम शिक्षकों वाले स्कूलों में चलित शिक्षकों के माध्यम से शिक्षण सुनिश्चित करना	प्रतिमाह
25.	गुणवत्तापरक शिक्षण हेतु शिक्षण कार्य में सूचना प्रौद्योगिकी (सी.डी) आदि का उपयोग सुनिश्चित करना।	सतत

1.3 संभागीय कार्ययोजना ::

जिलों की कार्ययोजना के आधार पर संभागस्तरीय कार्ययोजना तैयार की जाये। इसमें जिलों की कार्ययोजना में सम्मिलित सभी बिन्दुओं को अनिवार्यतः शामिल किया जाये। संभागस्तरीय कार्ययोजना दिनांक 20 जुलाई 2007 तक संचालनालय में भेजी जायेगी।

2. अशासकीय शिक्षण संस्थाओं हेतु मार्गदर्शी निर्देश ::

- समय–समय पर मान्यता प्राप्त अशासकीय विद्यालय/सी.बी.एस.ई./आई.सी.एस.ई. से संबद्ध विद्यालयों का निरीक्षण इस आशय से किया जाना चाहिये कि विद्यालयों द्वारा निर्धारित शुल्क से अधिक शुल्क वसूलने, किसी एक निश्चित बुक सेलर से किताबें खरीदने या विद्यालय परिसर में किताबें विक्रय करने एवं स्कूल बस्ते का बोझ बढ़ाने जैसी अनियमितताएं न हों। इस संबंध में शासन/संचालनालय के समुचित निर्देशों का पालन तथा मानवाधिकार आयोग मध्यप्रदेश के दिशानिर्देशों के अनुरूप विद्यालयीन वातावरण का निर्माण किया जाना चाहिये।
- इनके अतिरिक्त शाला में स्वच्छ पेयजल की अनुपलब्धता, प्रत्येक दिन सभी विषयों की पुस्तकें बुलाना, विद्यार्थियों को शारीरिक दण्ड देना, विद्यार्थियों द्वारा शाला प्रांगण में मोबाइल का उपयोग, छात्र–छात्राओं को पृथक–पृथक शौचालय की व्यवस्था न होना, अग्नि दुर्घटना के बचाव नियमों का पालन न करना, निःशक्त बच्चों के लिये रैम्प की व्यवस्था न होना, पालक शिक्षक संघ का विधिवत् गठन न होना, शाला में खेल मैदान का अभाव, शाला का परिवेश शिक्षण के अनुकूल न होना आदि बिन्दुओं का भी ध्यान संस्थाओं के निरीक्षण के समय रखा जाना चाहिये।

संस्थाओं में पालक–शिक्षक संघ के सहयोग से निम्नानुसार गतिविधियाँ सुनिश्चित की जायें–

2.1 प्रत्येक मान्यता प्राप्त विद्यालय में पालक–शिक्षक संघ की त्रैमासिक बैठक आयोजित होना चाहिये विशेष तौर पर बस्ते का बोझ कम करने के संबंध में सहमति के आधार पर आवश्यक उपाय किये जाने चाहिये और सुझावों का क्रियान्वयन शाला प्रबंधकों द्वारा अनिवार्यतः किया जाना चाहिये।

2.2 बैठकों मे यह तय किया जाये कि निर्धारित पाठ्यपुस्तकों के अतिरिक्त ऐसी कौनसी विषय पुस्तकें हैं जिनको छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिये पढाया जाना आवश्यक है।

2.3 प्राथमिक शाला के बच्चों के लिये विषयवार अध्यापन हेतु दिन/समयचक्र का निर्धारण पालक–शिक्षक संघ के माध्यम से किया जाकर प्रभावी ढंग से लागू किया जाना चाहिये।

2.4 शाला में पेयजल उपलब्ध कराने की समुचित व्यवस्था की जानी चाहिये जिससे कि छात्र–छात्राओं को पीने के पानी की बोतल साथ न लाना पड़े। पालक–शिक्षक संघ के माध्यम से भी इस विषय में सहयोग प्राप्त किया जाना चाहिये।

2.5 पालक–शिक्षक संघ एवं स्कूल प्रबंधन की संयुक्त भागीदारी से बस्ते के बोझ को कम करने के लिये स्वनिगमित व्यवस्था स्थापित की जाना चाहिये। बैठकों में व्यापक विचार विमर्श के उपरांत आवश्यक व्यवस्थाएं सत्रारंभ के पूर्व सुनिश्चित की जायें। इसके लिये लॉकर की व्यवस्था, पाठ्य सामग्री, नोटबुक आदि सत्र के हिसाब से निश्चित किया जाना चाहिए।

2.6 शाला की समय सारिणी में इस बात का ध्यान रखना चाहिये कि सभी पुस्तकें प्रतिदिन शाला में न लानी पडें। यह भी विचार होना चाहिये कि क्लास एवं होमवर्क के लिये पृथक्–पृथक् नोटबुक तैयार किया जाना आवश्यक है अथवा नहीं, और किस दिन कौनसी नोटबुक लानी चाहिये।

2.7 **म.प्र.शासन स्कूल शिक्षा विभाग के आदेश क्रमांक 362/2005/20–1 दि 10.02.2005 द्वारा प्रदेश की समस्त शासकीय एवं अशासकीय शिक्षण संस्थाओं के वातावरण को व्यवधानमुक्त बनाने के लिये विद्यालय प्रांगण में मोबाइल लाना प्रतिबंधित किया है। इस संबंध में लोक शिक्षण संचालनालय मध्यप्रदेश के आदेश क्रमांक/विद्या/ई/2005/80, दि. 14.02.2005 द्वारा इस हेतु की जाने वाली कार्यवाही का विस्तृत विवरण दिया गया है। इनका परिपालन समस्त शिक्षण संस्थाओं में सुनिश्चित किया जाना चाहिये।**

2.8 समय–समय पर आयोजित होने वाले शिक्षक प्रशिक्षणों में भी बच्चों को शारीरिक दण्ड न देने के संबंध में सचेत करना चाहिए पालक–शिक्षक संघ को भी इस संबंध में जागरूक रहना चाहिये कि इस प्रकार की शिकायत प्राप्त होने पर तत्काल आवश्यक कार्यवाही की जाए।

2.9 **कक्षा 1 से 12 वीं तक की सभी प्रकार की शिक्षण संस्थाओं में सुनिश्चित किया जाये कि–**

(क) अग्नि दुर्घटना हेतु बनाये गये नगरीय कल्याण विभाग के नियमों का पालन शाला भवन के निर्माणों हेतु सुनिश्चित हो।

(ख) विद्यालयीन छात्रों को स्कूल ले जाने वाले एवं घर पहुंचाने वाले प्रत्येक वाहनों को सूचीबद्ध कर उनसे अनुबंध करते समय अनिवार्यरूप से घरेलू एल.पी.जी. गैस से वाहन संचालित न करने की शर्त रखी जानी चाहिये। स्कूल द्वारा संचालित किये जाने वाले वाहनों के संबंध में लोक शिक्षण संचालनालय के **पत्र क्रमांक विद्या/पी/06/15/300 भोपाल दिनांक 16.3.2006** में दिये गये निर्देशों का पालन सुनिश्चित किया जाये।

(ग) विद्यालयों में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा निर्धारित डिजाइन ले–आउट आधारित टायलेट/यूरिनल की व्यवस्था छात्र एवं छात्राओं के लिये पृथक–पृथक आवश्यक रूप से की जानी चाहिये।

(घ) निःशक्त बच्चों के लिये विद्यालयों में रैम्प की व्यवस्था हो।

2.10 प्रत्येक माह संस्था प्रधान द्वारा निर्धारित तिथि को संस्था के सभी शिक्षकगण पालकों से सम्पर्क करेंगे। इस दिन शिक्षक पालकों के घर जायेंगे और अगले दिन संस्था प्रधान को प्रतिवेदन देंगे।

2.11 विद्यालयीन कार्यक्रम, अवकाश, परीक्षा, खेलकूद प्रतियोगिता एवं अन्य पाठ्यसहगामी कार्यक्रम संलग्न शैक्षणिक कलेण्डर अनुसार आयोजित किये जायें। कलेण्डर अनुसार कार्यक्रम की निर्धारित तिथि किसी अवकाश के कारण प्रभावित होती है तो अवकाश के अगले दिवस कार्यक्रम आयोजित किये जाएँ। यदि किसी संस्था प्रधान को विशेष परिस्थितियों में अथवा कार्यवश किसी कार्यक्रम में परिवर्तन करने की आवश्यकता जरूरी हो तो वह उचित कारणों सहित कार्यक्रम परिवर्तन का अनुमोदन पालक–शिक्षक संघ की बैठक में प्राप्त करें।

2.12 विद्यालय में यदि विषयवार शिक्षकों की कमी हो तो इस कमी की पूर्ति हेतु जिला शिक्षा अधिकारी को अवगत कराया जाये।

3. पालक – शिक्षक सहयोग संबंधी गतिविधियॉं ::

प्रत्येक संस्था में पालक–शिक्षक संघ का गठन जुलाई के प्रथम सप्ताह में कर लिया जाए। कक्षा 1 से 8 तक के विद्यालयों हेतु जनशिक्षा अधिनियम के अनुसार तथा हाईस्कूल/हायर सेकण्डरी स्कूलों में लोक शिक्षण संचालनालय के पत्र क्रमांक/विद्या/03/ई/515 दिनांक 25/07/2003 के संलग्न जारी नियमावली तथा क्रमांक/विद्या/ई/1492 भोपाल दिनांक 08/09/2006 द्वारा उक्त नियमावली में किये गये संशोधन के अनुसार पालक शिक्षक संघ का गठन किया जाये। प्रत्येक परीक्षा के बाद इसकी बैठक आयोजित की जाए। आवश्यकतानुसार अधिक बैठकों का आयोजन भी किया जा सकता है।

4 विभिन्न योजनाओं/कार्यक्रमों का क्रियान्वयन ::

4.1 सभी प्रकार की छात्रवृत्तियों के वितरण आदि के संबंध में जारी निर्देशों का पालन समयावधि में सुनिश्चित किया जाए।

4.2 निःशुल्क पाठ्यपुस्तक वितरण योजना का लाभ हितग्राही विद्यार्थियों को समयावधि में मिल जाए यह सुनिश्चित किया जाए।

4.3 निःशुल्क पाठ्यपुस्तक वितरण योजना (बुक बैंक योजना) का लाभ नियमानुसार हितग्राही–अनुसूचित जाति, अनूसूचित जनजाति, गरीबी रेखा के नीचे जीवन–यापन करने वाले विद्यार्थियों तथा सभी वर्ग की बालिकाओं को दिया जाए।

4.4 निःशक्त बच्चों के मूल्यांकन तथा उन्हें दी जाने वाली स्टेशनरी, गणवेश, उपकरण आदि समयसीमा में उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाये।

4.5 विद्यालय के प्रत्येक विद्यार्थी का स्वास्थ्य परीक्षण कराया जाए।

4.6 लोक शिक्षण संचालनालय के पत्र क्रमांक विद्या/ई/800 भोपाल दिनांक 05/06/2007 द्वारा जारी निर्देशानुसार स्कूली विद्यार्थियों के लिए व्यापक स्तर पर नेत्र परीक्षण कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। यह परीक्षण निम्नानुसार तिथियों में आयोजित होगाः–

स.क्र	कार्य	तिथि
1	जिला कलेक्टर्स तथा जिला शिक्षा अधिकारियों को निर्देश जारी करना। आदिवासी कल्याण विभाग एवं राज्य शिक्षा केन्द्र को सहयोग हेतु पत्र जारी करना।	15 जून 2007
2	उत्कृष्ट विद्यालय भोपाल में जिला रेडक्रास प्रभारियों हेतु राज्यस्तरीय कार्यशाला का आयोजन करना।	25 जून 2007
3	जिला स्तर पर कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला/जूनियर रेडक्रास समिति की बैठक का आयोजन करना।	15 जुलाई 2007 तक
4	जिला स्तर पर संकुल केन्द्रो के रेडक्रास प्रभारी शिक्षक तथा दो दो विज्ञान शिक्षकों का प्रशिक्षण आयोजित करना।	30 जुलाई 2007 तक
5	संकुल स्तर पर सभी शालाओं के दो दो विज्ञान शिक्षकों का प्रशिक्षण आयोजित करना।	15 अगस्त तक
6	विद्यालय स्तर पर प्रारंभिक नेत्र परीक्षण	30 अगस्त तक
7	विकास खण्ड स्तर पर नेत्र शिविर का आयोजन	15 सितम्बर तक
8	''ए'' श्रेणी के छात्रों को चश्मा उपलब्ध कराना	30 सितम्बर तक
9	''बी'' श्रेणी के छात्रों का उपचार	30 अक्टूबर तक
10	विशेष प्रकरणों की जानकारी संचालनालय में भेजना	15 नवम्बर 07 तक

4.7 **बालिकाओं को निःशुल्क साइकिल वितरणः–**
बालिका शिक्षा को प्रोत्साहित करने के लिए प्रदेश में निःशुल्क साइकिल प्रदाय योजना लागू की गई है। इसके अन्तर्गत अपने गांव से दूसरे गांव स्थित शासकीय स्कूलों में कक्षा 9वीं में प्रवेश लेने वाली ग्रामीण क्षेत्र की सभी वर्ग की बालिकाओं को निःशुल्क साइकिल उपलब्ध कराई जाती है। वर्ष 2007–2008 में साइकिल प्रदाय करने की तिथि समूह 'ए' के जिलों के लिये 15 अगस्त 2007 तक, समूह 'बी' के जिलों के लिये 15 सितम्बर 2007 तक, समूह 'सी' के लिये 15 अक्टूबर 2007 तक तथा समूह 'डी' के लिये 30 अक्टूबर 2007 तक की तिथि निर्धारित की गई है। निर्धारित तिथि अनुसार सायकिल वितरण सुनिश्चित किया जाये।

4.8 शिक्षण संस्थाओं तथा जिला स्तर से यह प्रयास किये जायें कि रोटरी क्लब आदि स्वैच्छिक संगठनों का सहयोग प्राप्त करके स्कूलों में स्वच्छ पेयजल, फर्नीचर आदि की व्यवस्था सुनिश्चित हो सके। इस हेतु स्थानीय निधि से 25 प्रतिशत राशि देकर शेष राशि संगठनों द्वारा वहन करने हेतु भी प्रेरित किया जाये।

5 निरीक्षण रोस्टर ::

5.1 संकुल प्राचार्यो का यह उत्तरदायित्व है कि अपनी शाला के अतिरिक्त संकुल के अंतर्गत आने वाली समस्त शालाओं में सुव्यवस्थित गुणवत्तायुक्त शिक्षा छात्र/छात्राओं को प्राप्त हो सके। इसके लिए प्रत्येक संकुल प्राचार्य निरीक्षण रोस्टर इस प्रकार बनायेंगे कि संकुल अंतर्गत आने वाली प्रत्येक शाला का निरीक्षण सत्र में कम से कम दो बार सुनिश्चित हो सके।

5.2 संस्था प्राचार्य संस्थान्तर्गत विषय शिक्षकों द्वारा किए गए अध्यापन कार्यों, शिक्षक दैनन्दिनी, गृह कार्यो आदि का निरीक्षण करेंगे तथा निरीक्षण टीप प्राचार्य अपनी डायरी में तथा संबंधित शिक्षक की दैनंदिनी में अंकित करेंगे।

5.3 विकास खंड शिक्षा अधिकारी विकास खंड के अंतर्गत आने वाली प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाओं का निरीक्षण रोस्टर बनाएंगे। इसके अंतर्गत यह सुनिश्चित किया जायेगा कि विकास खण्ड स्तर अंतर्गत आने वाली समस्त प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाओं का निरीक्षण सत्र में कम से कम तीन बार कर लिया जाए।

5.3 जिला शिक्षा अधिकारी जिलान्तर्गत स्वयं का एवं सहायक संचालक का निरीक्षण रोस्टर बनाएंगे। इसके अन्तर्गत यह सुनिश्चित किया जायेगा कि जिला अन्तर्गत प्रत्येक हायर सेकण्डरी का कम

से कम तीन बार तथा प्रत्येक हाईस्कूल का कम से कम दो बार निरीक्षण सत्र में जिला शिक्षा अधिकारी तथा सहायक संचालक द्वारा पृथक–पृथक किया जाएगा। जिला शिक्षा अधिकारियों द्वारा प्रतिमाह जिलान्तर्गत कम से कम 05 हायरसेकेण्ड्री/हाईस्कूलों का अकादमिक निरीक्षण किया जाये तथा कम से कम 30 हायरसेकेण्ड्री/हाईस्कूलों/मिडिल/प्रायमरी स्कूलों का आकस्मिक निरीक्षण किया जाये।

5.4 संभागीय संयुक्त संचालक, तथा संभागीय सहायक संचालक संभागान्तर्गत किये जाने वाले निरीक्षणों का रोस्टर तैयार करेंगे तथा यह सुनिश्चित करेंगे कि संभाग की अधिकतम संस्थाओं का निरीक्षण किया जा सके। संभागीय संयुक्त संचालकों द्वारा प्रतिमाह जिलान्तर्गत कम से कम 05 हायरसेकेण्ड्री/हाईस्कूलों का अकादमिक निरीक्षण किया जाये तथा कम से कम 30 हायरसेकेण्ड्री/हाईस्कूलों/मिडिल/प्रायमरी स्कूलों का आकस्मिक निरीक्षण किया जाये।

5.5 सभी स्तर के अधिकारियों द्वारा निरीक्षण के दौरान यह ध्यान रखा जाये कि विद्यालयों का केवल प्रशासनिक निरीक्षण ही नहीं किया जाये अपितु संचालनालय द्वारा निर्धारित लक्ष्य अनुसार अकादमिक निरीक्षण भी अवश्य किया जाये ये सभी निरीक्षण सुझावात्मक होना चाहिए।

5.6 संचालनालय स्तर से उपर्युक्तानुसार निरीक्षणों की मॉनीटरिंग की जाएगी तथा पृथक् से भी निरीक्षण कराये जायेंगे।

6. विद्यालय समय ::

पालक शिक्षक संघ के अनुमोदन से पारी व्यवस्था निम्नानुसार की जा सकेगी :–

6.1. (अ) एक पारी विद्यालय – प्रातः 10:30 से सायं 5:00 बजे तक

(ब) दो पारी विद्यालय – (1) प्रातः 7:00 से दोपहर 12:00 बजे तक

(प्रत्येक पारी पाँच घंटे) (2) दोपहर 12:00 से सायं 5:00 बजे तक

6.2 प्रत्येक कालखण्ड न्यूनतम 40 मिनट का रहेगा।

6.3 मध्यावकाश 30 मिनट का रहेगा।

6.4 दो पारियों में विद्यालय लगने की स्थिति में मध्यावकाश के समय में कटौती की जाकर शैक्षिक कालखण्डों का समय अनिवार्यतः 40 मिनट रखा जाये।

6.6 समय विभाग चक्र में सत्रारंभ से ही प्रति सप्ताह न्यूनतम तीन कालखण्ड निदानात्मक कक्षाओं हेतु रखे जाएँ।

6.7 दो पारी वाले विद्यालयों में संस्था प्रधान का समय प्रातः 10.00 से 5.30 बजे तक रहेगा। यथासंभव संस्थाएं एक पारी में ही संचालित की जायें। स्थानाभाव के कारण ही दो पारी में संचालित की जायें। शिक्षकों की कमी के कारण दो पारी नहीं की जायेगीं।

6.8 एक पारी में संचालित होने वाले विद्यालयों में शाला प्रारंभ होने के पूर्व तथा दो पारी वाले विद्यालयों में प्रथम पारी में शाला प्रारंभ होने के पूर्व तथा द्वितीय पारी में शाला समाप्ति पर न्यूनतम 20 मिनट का योग का कालखण्ड सुनिश्चित किया जाए। यह कालखण्ड शाला संचालन हेतु निर्धारित समय के अतिरिक्त होगा।

7. शाला सभा ::

विद्यालय में शाला सभा हेतु 20 मिनट का समय निर्धारित किया गया है जिसमें राष्ट्रगान, राष्ट्रगीत–वन्देमातरम् प्रार्थना, श्लोक पाठ, सूक्ति वाचन, अनमोल वचन, प्रेरक प्रसंग, देश भक्ति गीत, ध्यान/मौन आदि आयोजित किये जायें।

8. उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में स्वामी विवेकानन्द कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ की स्थापना ::

प्रत्येक शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में स्वामी विवेकानन्द कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ की स्थापना की जाये। इस हेतु कक्षा 11वीं एवं 12वीं में अध्ययनरत छात्र–छात्राओं से रुपये 1/– प्रतिमाह की दर से रोजगार एवं शिक्षा समन्वय शुल्क एकत्रित किया जाये। यह राशि संबंधित विद्यालय द्वारा एकत्र कर अपने पास रखी जायेगी, जिसका विधिवत लेखा संधारण किया जायेगा इस राशि से योजना पर होने वाले व्यय का भुगतान किया जा सकेगा।

कैरियर मार्गदर्शन योजनान्तर्गत वर्ष भर में आयोजित की जाने वाली गतिविधियों के संबंध में लोक शिक्षण संचालनालय के पत्र क्रमांक/विद्या/ई/व्ही/04/78/2006–2007/982 भोपाल दिनांक 26.6.2007 द्वारा विस्तृत निर्देश दिये गये हैं, तदनुसार कार्यवाही सुनिश्चित की जाये।

9. मूल्यांकन ::

9.1. शैक्षणिक कलेण्डर में वर्णित निर्धारित तिथियों में ही त्रैमासिक परीक्षा, अर्ध वार्षिक परीक्षा एवं प्री–बोर्ड की परीक्षाओं का आयोजन किया जाए तथा विभिन्न परीक्षाओं के परिणामों की घोषणा शैक्षणिक कलेण्डर में वर्णित पालक–शिक्षक समूह की बैठक की तिथियों पर ही की जावे। त्रैमासिक परीक्षा तथा अर्ध वार्षिक परीक्षा के तत्काल बाद इन परीक्षाओं हेतु निर्धारित अधिभार अंकसूचियों में दर्ज कर दिया जाये। वार्षिक परीक्षा एवं पूरक परीक्षाएं (बोर्ड परीक्षाओं को छोड़कर) तथा परीक्षा परिणामों की घोषणा इत्यादि का पालन भी विभागीय/माध्यमिक शिक्षा मण्डल मध्यप्रदेश के दिशानिर्देशों के अनुरूप सुनिश्चित किया जाए।

9.2. प्रत्येक छात्र की मूल्यांकन प्रगति पुस्तिका संधारित की जायेगी। इसके अन्तर्गत छात्र के त्रैमासिक एवं अन्य परीक्षाओं का मूल्यांकन अंकित कर सात दिवस में उनके पालकों को अवगत कराया जायेगा।

9.3. बोर्ड परीक्षा में सम्मिलित होने वाले विद्यार्थियों के मूल्यांकन हेतु प्री–बोर्ड परीक्षाएं अनिवार्यतः ली जाएं।

9.4 कक्षा 9वीं एवं 11वीं की परीक्षाएँ बोर्ड पेटर्न पर आयोजित की जायेंगी। इस हेतु विद्यार्थियों को समय–समय पर सचेत किया जाये। इसकी तिमाही, छःमाही तथा परीक्षाओं की मूल्यांकित उत्तरपुस्तिकायें विद्यार्थियों को अवलोकन करायी जाये।

9.5 तिमाही, छःमाही की अधिभार प्रक्रिया से भी छात्रों को अवगत कराया जाये। इसके अतिरिक्त तिमाही तथा छःमाही परीक्षा में अनुत्तीर्ण होने वाले छात्रों की उस माह के अन्तिम रविवार को पुनःपरीक्षा आयोजित जाये। पुनः परीक्षा में छात्र द्वारा जो अंक प्राप्त किये गये हों इनके आधार पर ही अधिभार दिया जाये।

10. उत्सव एवं विशेष दिवसों का आयोजन ::

10.1. राष्ट्रीय पर्व, त्यौहारों एवं समारोह से जुड़े विभिन्न कार्यक्रमों के निश्चित दिनांक एवं अवसरों पर आयोजन हेतु पालक शिक्षक संघ की बैठक में पूर्व से कार्ययोजना बना ली जाए।

10.2. उत्सव/विशेष दिवसों का आयोजन उत्साहपूर्वक किया जाये।

10.3. उत्सव/विशेष दिवस के दिन रविवार/स्वीकृत अवकाश हो तो उसे एक दिन पहले/बाद में अवश्य मनाया जाये।

10.4. उत्सव/विशेष दिवस के दिन अन्य दिनों की तरह पूरे कालखण्ड में शिक्षण कार्य हो तथा प्रत्येक कालखण्ड में से 5–5 मिनट का समय घटाकर शेष समय में निर्धारित दिनांक को ही मनाया जाये।

10.5. राष्ट्रीय पर्व को विद्यालयों में संस्था प्रधान, शिक्षकों, विद्यार्थियों तथा अभिभावकों की उपस्थिति में अनिवार्यतः मनाया जाए।

11. पाठ्यसहगामी गतिविधियाँ ::

11.1. वार्षिकोत्सव के साथ उच्च कक्षाओं के विद्यार्थियों के विदाई समारोह के संक्षिप्त कार्यक्रम आयोजित किये जाएं। **वार्षिक उत्सव का कार्यक्रम दिसम्बर माह के पूर्व आयोजित किया जाये।**

11.2. विद्यार्थियों की सृजनात्मक प्रतिभा को विकसित करने के उद्देश्य से साहित्यिक/सांस्कृतिक/बालरंग मंडल/खेलकूद/गतिविधियों में प्रत्येक विद्यार्थी को सहभागिता हेतु प्रोत्साहित किया जाए।

11.3. एन.सी.सी./एन.एस.एस./स्काउट एवं गाइड/रेडक्रॉस,/ईको क्लब (एन.जी.सी.) विज्ञान क्लब इत्यादि गतिविधियाँ जारी कार्यक्रम अनुसार संचालित की जाएं।

11.4. साहित्यिक/सांस्कृतिक/बालरंग मण्डल/ईको क्लब (एन.जी.सी.)/खेलकूद गतिविधियों का आयोजन प्रत्येक माह के चतुर्थ शनिवार को अंतिम कालखण्ड में किया जाये। (स्काउट एवं गाइड/ एन.सी.सी../ एन.एस.एस./रेडक्रॉस के कार्यक्रम तत्संबंधी नियमानुसार होंगे)।

11.5 प्रदेश के प्रत्येक हायर सेकण्डरी में माह के द्वितीय शनिवार को केरियर रोजगार मार्गदर्शन प्रदान

किया जाये।

12. संस्था, शिक्षक एवं बालकों को प्रोत्साहन/पुरस्कार ::

शिक्षा के लोकव्यापीकरण के अन्तर्गत उत्कृष्ट एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के प्रोत्साहन हेतु अनेक प्रयास किये जा रहे हैं। प्रदेश की शिक्षण संस्थाओं, शिक्षकों एवं बालकों को प्रोत्साहन एवं पुरस्कृत करने की योजना िनम्नानुसार हैः–

12.1 मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान ::

जिला स्तर पर कक्षा 5वीं, 8वीं, 10वीं एवं 12वीं के परीक्षा परिणामों के आधार पर तैयार की जाने वाली प्रावीण्य सूची में प्रथम दस स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा सम्मानित किया जाये।

12.2 बालश्री पुरस्कार ::

प्रत्येक जिले के 5 वीं एवं 8 वी बोर्ड परीक्षा में सर्वश्रेष्ठ स्थान प्राप्त करने वाले उत्कृष्ट एवं मेधावी एक–एक छात्र एवं छात्रा को राज्यस्तरीय बालदिवस समारोह में बालश्री सम्मान से सम्मानित किया जायेगा।

12.3 प्रतिभा पुरस्कार ::

कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं की बोर्ड परीक्षा की प्रावीण्य सूची में प्रथम 10 स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को राज्यस्तरीय बालदिवस समारोह में सम्मानित किया जाएगा।

12.4 विशेष सम्मान ::

अति–प्रतिष्ठित राष्ट्रीय प्रतियोगी परीक्षाओं **यथा**–आई.आई.टी., ए.आई.ई.ई.ई., सी.पी.एम.टी., एन.डी.ए., पी.एम.टी., पी.ई.टी., पी.ए.टी. इत्यादि में चयनित होने वाले विद्यार्थियों एवं उनके पालकों को भी शालास्तर पर पालक–शिक्षक–संघ द्वारा विशेष आयोजन कर सम्मानित/पुरस्कृत किया जाएगा। इन कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधियों एवं पालकों को भी आमंत्रित किया जाए।

12.5 राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान ::

शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्कूल शिक्षा विभाग के अधीन कार्यरत शिक्षकों को प्रतिवर्ष 5 सितम्बर शिक्षक दिवस समारोह के अवसर पर महामहिम राज्यपाल द्वारा सम्मानित किया जाता है। राज्यस्तरीय शिक्षक सम्मान के अंतर्गत /–रुपये 10,001/– नकद, शाल, श्रीफल देकर सम्मानित किया जाता है। उल्लेखनीय है कि इस अवसर पर पिछले वर्ष महामहिम राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित शिक्षकों को भी सम्मानित किया जाता है।

12.6 राष्ट्रपति पुरस्कार ::

प्रदेश के उत्कृष्ट एवं शिक्षा के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान देने वाले शिक्षकों को राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाले शिक्षक दिवस समारोह के अवसर पर नई दिल्ली में महामहिम राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित किया जाता है। इसके अन्तर्गत शिक्षकों को चांदी का पदक व रुपये 25,000/– नकद, शाल, श्रीफल देकर सम्मानित किया जाता है।

13. शिक्षकों का गैर–शैक्षणिक कार्यों में अभिनियोजन ::

जनशिक्षा अधिनियम अध्याय–दो (10) के अनुसार राज्य सरकार के स्कूली शिक्षकों को शैक्षणिक एवं अन्य ऐसे कार्यो के लिये अभिनियोजित किया जायेगा जो स्कूल के शैक्षणिक कृत्यकारी के प्रबंध के भाग हो, राज्य सरकार के विशिष्ट आदेश पर ही उन्हें गैर शैक्षणिक कार्य के लिये अभिनियोजित किया जा सकेगा। अर्थात् बिना शासनादेश के शिक्षकों को गैर शिक्षकीय कार्य में संलग्न न किया जाये यह सुनिश्चित किया जाए।

मध्यप्रदेश शासन स्कूल शिक्षा विभाग के पत्र क्रमांक/218/410/2007/20–2 भोपाल दिनांक 07 फरवरी 2007 तथा लोक शिक्षण संचालनालय के पत्र क्रमांक/विद्या/ई/256 भोपाल दिनांक 31/01/2007 द्वारा भी शिक्षकों को गैर शिक्षकीय कार्यों में नियोजित न करने हेतु आवश्यक निर्देश जारी किये गये है।

14. अवकाश ::

14..1 प्रारंभिक शिक्षा के लिए लागू जनशिक्षा अधिनियम अध्याय–2(7) के अनुसार स्थानीय अवकाश पालक शिक्षक संघ द्वारा विहित किये जाएँ।

14.2 **सत्र 2007–2008 में विद्यालयों के लिये घोषित अवकाश निम्नानुसार रहेंगे :–**

1. **दशहरा अवकाश –** दिनांक 20 अक्टूबर 2007 से 22 अक्टूबर 2007 (03 दिवस)
2. **दीपावली अवकाश–** दिनांक 07 नवम्बर 2007 से 10 नवम्बर 2007 (04 दिवस)
3. **शीतकालीन अवकाश–** दिनांक 25 दिसम्बर 2007 से 27 दिसम्बर 2007 (03 दिवस)
4. **ग्रीष्म कालीन अवकाश–** दिनांक 01 मई 2008 से 23 जून 2008 तक (54 दिवस शिक्षकों के लिए)
   दिनांक 01 मई 2008 से 30 जून 2008 तक (61 दिवस विद्यार्थियों के लिए)
5. **ग्रीष्म कालीन अवकाश– (पचमढ़ी के लिये)** दिनांक 09 जुलाई 2008 से 25 अगस्त 2008 तक (48 दिवस शिक्षकों के लिए)
   दिनांक 01 जुलाई 2008 से 30 अगस्त 2008 तक (61 दिवस विद्यार्थियों के लिए)

14.3 अन्य अवकाश जो किसी विशेष परिस्थितियों में केन्द्र सरकार/राज्य सरकार द्वारा घोषित किये जायेंगे वह भी विद्यालयों में मान्य होंगे।

14.4 यदि किसी कारणवश राज्य शासन द्वारा सार्वजनिक/स्थानीय अवकाश घोषित किया जाता है तो वह भी विद्यालय में मान्य होगा।

14.5 परीक्षा कार्यक्रम के बीच यदि राज्य शासन/केन्द्र शासन/स्थानीय शासन द्वारा कोई अवकाश घोषित किया जाता है तब उस दिवस पर आयोजित होने वाले प्रश्नपत्र की परीक्षा पूर्व निर्धारित परीक्षा कार्यक्रम के अंतिम प्रश्न पत्र के अगले दिन (कार्यदिवस) पर सम्पन्न होगी।

14.6 शैक्षणिक स्टॉफ एवं छात्र–छात्राओं के लिये घोषित दशहरा, दीपावली अवकाश, शीतकालीन एवं ग्रीष्मकालीन अवकाशों का उपभोग विद्यालय के प्राचार्य एवं कार्यालयीन कर्मचारी नहीं करेंगे।

15 प्रशिक्षण ::

शिक्षा के गुणात्मक सुधार हेतु वर्षभर विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षणों का आयोजन किया जाऐगा। प्रमुख प्रशिक्षण इस प्रकार हैं :–

15.1. **म.प्र.प्रशासन अकादमी के सहयोग से सत्र 2007–2008 में मप्र.शासन स्कूल शिक्षा विभाग के जिला शिक्षा अधिकारी, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी तथा प्राचार्य संवर्ग को दूरवर्ती प्रशिक्षण के माध्यम से माह अगस्त 2007 से फरवरी 2008 तक प्रशिक्षित किये जाने की योजना है। प्रशिक्षण सैटकाम के माध्यम से दिया जाएगा जिसमें स्कूल प्रबंधन, वित्तीय मामले, नवीन नियमों, उप नियमों तथा शासन की महत्त्वाकांक्षी योजनाओं से परिचित कराया जायेगा।**

15.2 लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा चयनित प्राचार्य/व्याख्याता/शिक्षक आदि के व्यक्तित्व विकास के

लिये प्रशासन अकादमी द्वारा प्रत्यक्ष प्रशिक्षण कौशल तथा प्रशिक्षण की रूपरेखा संबंधी विभिन्न प्रशिक्षण आयोजित किये जायेंगे।

15.3 नवनियुक्त संविदा शिक्षक वर्ग–1 तथा संविदा शिक्षक वर्ग–2 को इंडक्शन (परिचायक) प्रशिक्षण दिया जायेगा।

15.4 हाईस्कूल स्तर के शिक्षकों को विज्ञान, गणित, संस्कृत, अंग्रेजी विषयों का प्रशिक्षण जिला स्तर पर दिया जाना है। इस हेतु मास्टर ट्रेनर का प्रशिक्षण भोपाल में किया जायेगा। ये प्रशिक्षक विकासखण्ड स्तर पर हाईस्कूल स्तर के संबंधित विषयों के शिक्षकों को प्रशिक्षण देंगे।

15.5 माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा कक्षा 9वीं एवं 11वीं में कुछ विषयों का पाठ्यक्रम परिवर्तित किया गया है। परिवर्तित पाठ्यक्रम के कठिन अंशों का प्रशिक्षण प्रदेश के सभी शिक्षकों/व्याख्याताओं को दिया जायेगा।

16. विशिष्ट आयोजन /प्रतियोगिताएँ ::

विद्यार्थियों की सृजनात्मक प्रतिभा को विकसित करने में साहित्यिक, सांस्कृतिक तथा शैक्षिक प्रतियोगिताएं सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण होती हैं एतदर्थ विभिन्न स्तरों पर आयोजित होने वाली गतिविधियों/ प्रतियोगिताओं का विवरण इस प्रकार हैः–

16.1 मोगली बाल उत्सवः:

क्रमांक	प्रतियोगिता	स्तर	वर्ग	आयोजन तिथि
1.	निबंध	शाला स्तर	कनिष्ठ तथा वरिष्ठ वर्ग	27.09.2007
		जन शिक्षा केन्द्र स्तर पर	केवल कनिष्ठ वर्ग	29.09.07
2.	लिखित प्रश्न पत्र	विकासखण्ड स्तर	कनिष्ठ तथा वरिष्ठ वर्ग	7.10.2007
3.	प्रश्न मंच	जिला स्तर	कनिष्ठ तथा वरिष्ठ वर्ग	10.10.2007

इन प्रतियोगिताओं में राज्य के सभी शासकीय, अशासकीय (अनुदान प्राप्त, गैर अनुदान प्राप्त सीबीएसई से संबद्ध) केन्द्रीय विद्यालय,नवोदय विद्यालय आदि के छात्र/छात्राएँ सम्मिलित होंगे ।

विद्यालय के ईको क्लब प्रभारियों का यह उत्तरदायित्व होगा कि ईको क्लब से संबंधित छात्र–छात्राएँ अनिवार्य रूप से सहभागिता करें। प्रतियोगिता के आयोजन के समय यह ध्यान रखा जाये कि *वे विद्यार्थी जो पिछले वर्षो में जिलास्तर पर विजेता होकर राज्यस्तरीय महोत्सव में सहभागिता कर चुके हैं वे शाला स्तर आदि किसी भी स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेने के पात्र नहीं होंगे।* शासकीय विद्यालयों के शेष सभी छात्र/छात्राओं को प्रतियोगिता में सम्मिलित होना अनिवार्य है ।

प्रथम स्तर (विद्यालय स्तर) ::

विद्यालय स्तर पर **निबंध प्रतियोगिता** दिनांक **27 सितम्बर 2007** को सभी प्राथमिक विद्यालयों (कक्षा 5 के विद्यार्थी) मिडिल स्कूलों/हाईस्कूल/हायर सेकण्डरी स्कूलों के लिये होगी। एन.जी.सी./ईको–क्लब से संबंधित विद्यालय अपने निकटस्थ विद्यालयों में इन प्रतियोगिताओं का प्रचार–प्रसार एवं समन्वय करेंगे तथा सभी विद्यालयों में प्रतियोगिताओं का आयोजन सुनिश्चित करेंगे। प्रतियोगिता हेतु लेखन सामग्री की व्यवस्था विद्यालय की स्थानीय निधि से की जायेगी।

कनिष्ठ वर्ग (कक्षा 5 से 8) एवं वरिष्ठ वर्ग (कक्षा 9 से 12) में अध्ययनरत सभी छात्र–छात्राओं हेतु निबंध प्रतियोगिता का आयोजन पृथक–पृथक किया जायेगा। इस हेतु निम्नानुसार निर्धारित विषयों में से किसी एक विषय का चयन संबंधित विद्यार्थी द्वारा किया जायेगा। विषय इस प्रकार हैं :–

क्रमांक	वरिष्ठ वर्ग (कक्षा 9,10,11,एवं 12)	क्रमांक	कनिष्ठ वर्ग (कक्षा 5,6,7,एवं 8)
1	वन अधिकारों को मान्यता	1	धरती का लिबास, पेड़ पौधे घास
2	प्रदूषण– कारण एवं निवारण	2	विश्व पर्यावरण दिवस
3	बढ़ते बीहड़ घटते वन	3	नर्मदा– प्रदेश की जीवन रेखा
4	राष्ट्रीय हरित कोर– ईको क्लब	4	ताल तलैया – प्रकृति के शृंगार
5	विश्व वसुन्धरा दिवस	5	सफेद शेर – प्रदेश का गौरव
6	यदि पानी हुआ बर्बाद तो हम कैसे रहेंगे आबाद	6	पेड़ पहाड़ के गहने
7	स्वपोषी विकास	7	कचरे के दुष्प्रभाव
8	परिस्थितिकीय पिरामिड	8	जंगल का सिपाही
9	हरित उत्पाद	9	जड़ी बूटियाँ घरेलू उपचार
10	मोगली का परिवार	10	मोगली का परिवार
11	प्रदेश की खनिज सम्पदा	11	किचन गार्डन
12	भू–क्षरण : कारण एवं निवारण	12	पोलीथीन के दुष्प्रभाव
13	ओजोन परत का क्षरण	13	वर्मी कम्पोस्ट
14	ऊर्जा के पर्यावरण मित्र विकल्प	14	वृक्षों की उपादेयता
15	पर्या–पानी–परम्परा	15	जब पक्षी नहीं होंगे
16	घटते चरागाहः वनों पर बढ़ता दवाब	16	नदी किनारे मेले, मिले छोड़ झमेले
17	पर्यावरण संरक्षण में जन भागीदारी आवश्यक क्यों ?	17	जंगल क्यों नाराज है ?
18	धरती की यह है पीर,, न है जंगल न है नीर	18	राष्ट्रीय उद्यान
19	पर्यावरण से प्रीति, हमारी परम्परा और रीति	19	ओजोन परत का क्षरण
20	जंगल क्यों नाराज है ?	20	ऊर्जा के पर्या मित्र विकल्प
21	ईको–क्लब–बच्चों की सेना की उपादेयता	21	जल जनित बीमारियां
22	तपती धरती		
23	नहीं मरती नदी, हम सजग होते यदि		

सभी विषय विद्यार्थियों को पहले से बता दिये जायेंगे ताकि वे पूर्व तैयारी कर सकें। प्रतियोगिता का समय 1 $^{1}/_{2}$ घण्टे रहेगा। निबन्ध हेतु **शब्दों की सीमा निर्धारित नहीं है**। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले एक छात्र तथा एक छात्रा का चयन किया जायेगा। जिन विद्यालयों में सह शिक्षा नहीं है उनमें से बालक विद्यालय में से एक छात्र तथा बालिका विद्यालय में से एक छात्रा का चयन किया जायेगा।

ऐसे विद्यालय जिनमें कक्षा 5 से 8वीं तक कक्षाएँ संचालित हैं, उनमें इन कक्षाओं के प्रतियोगियों में से प्रथम स्थान प्राप्तकर्ता छात्र/छात्राओं का चयन किया जायेगा। **जो विद्यालय केवल कक्षा 5वीं तक संचालित है उनमें केवल कक्षा 5वीं में अध्ययनरत विद्याथियों की प्रतियोगिता होगी** तथा प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले कक्षा 5वीं के एक छात्र तथा एक छात्रा का चयन किया जायेगा। जिन प्राथमिक विद्यालयों में सहशिक्षा नहीं है उनमें से बालक प्राथमिक विद्यालय से एक छात्र तथा बालिका प्राथमिक विद्यालय में से एक छात्रा का चयन किया जायेगा। इसी प्रकार हाईस्कूल में जहॉ कक्षा 9वीं एवं 10वीं कक्षाएँ संचालित हैं वहाँ 9वीं एवं 10वीं के लिए छात्र/छात्राओं के मध्य चयन होगा। जहाँ हायर सेकण्डरी स्कूल में 11वीं एवं 12वीं संचालित है वहाँ 11वीं एवं 12वीं के लिए छात्र/छात्राओं के मध्य चयन होगा। यदि हायर सेकण्डरी स्कूल 9वीं से 12वीं तक हैं वहाँ 9वीं से 12वीं तक के छात्र/छात्राओं के मध्य चयन होगा। जिन हाईस्कूल /हायर सेकण्डरी स्कूलों में प्राथमिक, मिडिल कक्षाएं संचालित हैं वहाँ कनिष्ठ वर्ग तथा वरिष्ठ वर्ग के लिए पृथक–पृथक प्रतियोगिताएँ होंगी। **निबन्धों का मूल्यांकन संबंधित शाला के शिक्षकों द्वरा किया जायेगा**। निबन्ध हेतु 100 अंक नियत रहेंगे। जिसे सर्वाधिक अंक प्राप्त होंगे वह प्रथम होगा। शाला स्तर पर प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त प्रतियोगियों को विद्यालय की स्थानीय निधि से पुरस्कार तथा प्रमाण पत्र दिये जाएँगे।द्व

कनिष्ठ वर्ग के शाला स्तर पर चयनित प्रतियोगियों के लिए **दिनांक 29 सितम्बर 2007 को जन शिक्षा केन्द्र स्तर** पर निबंध प्रतियोगिता आयोजित होगी। इनमें प्रथम स्थान प्राप्त प्रतियोगी छात्र/छात्रायें विकास खण्ड स्तरीय प्रतियोगिता में सम्मिलित होंगे अर्थात् कनिष्ठ वर्ग के जो छात्र/छात्राएँ शाला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त

करेंगे उन्हें जन शिक्षा केन्द्र स्तर पर आयोजित निबंध प्रतियोगिता में भाग लेना होगा और जन शिक्षा केन्द्र स्तरीय निबंध प्रतियोगिता का मूल्यांकन परीक्षा के दिन ही जनशिक्षा केन्द्र प्रभारी के निर्देशन पर किया जाएगा तथा प्रथम स्थान प्राप्त छात्र/छात्राओं को इसकी सूचना जन शिक्षा केन्द्र प्रभारी द्वारा 28 सितम्बर 2006 को अनिवार्यतः दी जायेगी ताकि वे विकास खण्ड स्तरीय प्रतियोगिता में सम्मिलित हो सकें। जन शिक्षा केन्द्र स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त एक छात्र तथा एक छात्रा को विकास खण्ड स्तरीय प्रतियोगिता में सम्मिलित होने की पात्रता होगी। इस संबंध में विस्तृत दिशा निर्देश आयुक्त राज्य शिक्षा केन्द्र द्वारा पृथक से जारी किए जा रहे हैं।

द्वितीय स्तर (विकासखण्ड स्तर) ::

विकासखण्ड स्तर पर **लिखित प्रश्न प्रतियोगिता** होगी। यह प्रतियोगिता दिनांक **7 अक्टूबर 2007** को प्रातः 11:00 बजे प्रत्येक जिले के विकास खण्डों में संकुल स्तर उ.मा.वि./हाईस्कूल में होगी। इसमें दो वर्गों– कनिष्ठ वर्ग (कक्षा 5, 6, 7 एवं 8) एवं वरिष्ठ वर्ग (कक्षा 9 से 12) के विद्यार्थी सम्मिलित होंगे । **विकास खण्ड स्तर की प्रतियोगिता में कनिष्ठ वर्ग के जन शिक्षा केन्द्र स्तरीय प्रतियोगिता में चयनित प्रथम स्थान प्राप्त एक छात्र तथा एक छात्रा तथा वरिष्ठ वर्ग के समस्त विद्यालयों के चयनित प्रथम स्थान प्राप्त एक छात्र तथा एक छात्रा सम्मिलित होंगे**। प्रतियोगिता हेतु **प्रश्न पत्र भोपाल से भेजे जायेंगे**। संकुल स्तर पर संपन्न लिखित प्रश्न प्रतियोगिता की **उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन विकासखण्ड मुख्यालय स्थित जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा निर्धारित शासकीय उ.मा.वि. में किया जायेगा**। यह मूल्यांकन संस्था के प्राचार्य तथा विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी की देख–रेख में किया जायेगा। संकुल संस्था के प्राचार्य लिखित प्रश्न प्रतियोगिता की समाप्ति के बाद उत्तर पुस्तिकाएँ विकास खण्ड स्थित मूल्यांकन केन्द्र में उसी दिन भिजवायेंगे।

लिखित प्रश्न प्रतियोगिता के मूल्यांकन उपरान्त **दिनांक 3 अक्टूबर, 2007 को परीक्षाफल की घोषणा** की जायेगी तथा विकासखण्ड मुख्यालय स्थित मूल्यांकन केन्द्र के प्राचार्य–उ.मा.वि. द्वारा **दिनांक 5 अक्टूबर, 2007 को कार्यक्रम आयोजित कर** प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त छात्र तथा छात्रा को पुरस्कार तथा प्रमाण पत्र दिया जायेगा। इस हेतु व्यय आयोजक संस्था की स्थानीय निधि से किया जायेगा।

संकुल स्तर पर आवश्यक होने पर लेखन सामग्री की व्यवस्था संकुल प्राचार्य द्वारा स्थानीय निधि से की जाएगी। मूल्यांकन संबंधी व्यय मूल्यांकन संस्था के प्राचार्य द्वारा स्थानीय निधि से किया जायेगा।

विकास खण्ड स्तर पर प्रतियोगिता में से कनिष्ठ वर्ग के एक छात्र तथा एक छात्रा एवं वरिष्ठ वर्ग के एक छात्र तथा एक छात्रा का चयन किया जायेगा जो जिलास्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे। यह छात्र/छात्रा प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले होंगे।

भोपाल, इंदौर, जबलपुर एवं ग्वालियर महानगरों में मुख्यालय स्थित विकास खण्डों में शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों को पृथक–पृथक विकास खंड माना जाकर उनके लिये पृथक–पृथक प्रतियोगिताएँ आयोजित की जायें । इस प्रकार उपर्युक्त महानगरों में प्रतियोगिताओं के लिए एक–एक विकास खण्ड अतिरिक्त होगा।

तृतीय स्तर (जिला स्तर) ::

जिलास्तर पर **मौखिक प्रश्नोत्तरी (क्विज) प्रतियोगिता** दिनांक **10 अक्टूबर 2007** को दोनों वर्गों– कनिष्ठ वर्ग (कक्षा 5 से 8) एवं वरिष्ठ वर्ग (कक्षा 9 से 12) में होगी। प्रत्येक विकास खण्ड से चयनित एक छात्र तथा एक छात्रा (प्रत्येक वर्ग से) सहभागिता करेंगे। प्रतियोगिता का आयोजन **जिला मुख्यालय स्थित उत्कृष्ट उ.मा.वि. द्वारा किया जायेगा।** संस्था प्राचार्य इसके संयोजक होंगे। क्विज प्रतियोगिता का संचालन पर्यावरण नियोजन एवं समन्वय संगठन (इप्को) द्वारा प्रशिक्षित शिक्षकों/व्याख्याताओं द्वारा किया जायेगा। आवश्यक लेखन सामग्री की व्यवस्था आयोजक संस्था की स्थानीय निधि से की जायेगी। विकास खण्ड स्तर से जिलास्तरीय प्रतियोगिता में सम्मिलित होने वाले प्रतियोगी छात्र छात्राओं के यात्रा व्यय की व्यवस्था उनकी अध्ययनरत संस्था की स्थानीय निधि से की जायेगी।

जिला स्तर पर प्रतियोगिता में सम्मिलित होने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार तथा प्रमाण पत्र दिये जायेंगे।

राज्यस्तरीय आयोजन ::

जिलास्तरीय प्रतियोगिता के आधार पर प्रथम स्थान प्राप्त कनिष्ठ वर्ग से एक छात्र तथा एक छात्रा एवं वरिष्ठ वर्ग से एक छात्र तथा एक छात्रा का चयन किया जायेगा। **ये चयनित छात्र राज्यस्तरीय आयोजन '' मोगली बाल महोत्सव '' में सहभागिता करेंगे।** राज्यस्तरीय तिथि की सूचना पृथक से दी जाएगी। इन छात्रों के साथ **एक महिला शिक्षिका रहेगी जिसका चयन संबंधित जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा किया जायेगा। यह स्पष्ट किया जाता है कि राज्य स्तर के आयोजन में भाग लेने वाले छात्र/छात्राओं के साथ महिला शिक्षिका ही जाएगी। इसमें किसी प्रकार की छूट नहीं होगी ।**

जिलास्तरीय प्रतियोगिता में चयनित छात्र/छात्राओं तथा शिक्षिका के ''मोगली बाल महोत्सव'' राज्यस्तरीय आयोजन में भाग लेने हेतु यात्रा व्यय एप्को (पर्यावरण नियोजन एवं समन्वय संगठन) द्वारा हर जिले में ईको क्लब को आकस्मिक व्यय हेतु प्रदान की गई राशि में से वहन किया जायेगा । इसी राशि से दल के प्रत्येक सदस्य को रुपये 100/– रास्ते के भोजन/स्वल्पाहार के लिए दिए जाएँगे।

संबंधित जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा यह सुनिश्चित किया जाएगा कि चयनित छात्र एवं छात्रा मोगली बाल महोत्सव में आवश्यक रूप से सम्मिलित हों। यदि अपरिहार्य स्थिति में कोई छात्र अथवा छात्रा सम्मिलित होने में असमर्थ हो तो जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा जिला कलेक्टर से अनुमोदन प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त छात्र अथवा छात्रा को मोगली बाल महोत्सव में अनिवार्यतः सम्मिलित कराया जाये।

तीनों स्तर की प्रतियोगिताओं में प्रतिभागी छात्र/छात्राओं के बराबर अंक आने पर निचली कक्षा के विद्यार्थी को वरीयता दी जायेगी। यदि ऐसे प्रतिभागी एक ही कक्षा के हो तो कम उम्र वाले प्रतिभागी को वरीयता दी जायेगी।

उक्तानुसार तीनों स्तरों पर निर्धारित तिथियों में कनिष्ठ वर्ग तथा वरिष्ठ वर्ग की प्रतियोगिताओं का आयोजन सुनिश्चित किया जाये।

कनिष्ठ वर्ग की प्रतियोगिताओं का आयोजन राज्य शिक्षा केन्द्र द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार किया जाये। इसमें जिला शिक्षा केन्द्र का सहयोग लिया जाये ।

16.2 राज्यस्तरीय बाल दिवस समारोह :–

इसके अंतर्गत विभिन्न स्तरों पर निम्नानुसार साहित्यिक प्रतियोगितायें सम्पन्न होंगी। ये प्रतियोगितायें कनिष्ठ (कक्षा–6,7,8) एवं वरिष्ठ (कक्षा–9,10,11,12) वर्ग के लिये आयोजित होंगी–

साहित्यिक प्रतियोगिता	शालास्तर	विकासखण्ड स्तर	जिलास्तर	संभागस्तर	राज्यस्तर
वाद–विवाद निबंध तात्कालिक भाषण, साहित्यिक अन्त्याक्षरी, कबीर, सूर, तुलसी के दोहों का सस्वरपाठ, चित्रकला	06 अक्टूबर 2007 तक	23 अक्टूबर 2007	26 अक्टूबर 2007	30 अक्टूबर 2007	14–15 नवम्बर 2007

तात्कालिक भाषण/निबंध/स्वरचित काव्य पाठ/अन्त्याक्षरी प्रतियोगिताएँ पाठ्यपुस्तक में उल्लिखित महापुरुषों के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर तथा राष्ट्रीय एवं राज्य की संस्कृति, पर्यावरण आदि विषयों पर आधारित होंगी।

साहित्यिक प्रतियोगिताएं महाकवि तुलसी, कबीर, महात्मा गांधी, स्वामी विवेकानन्द, पं.नेहरू, तिलक आदि महापुरुषों के व्यक्तित्व और कृतित्व तथा राष्ट्र एवं राज्य की संस्कृति पर्यावरण आदि विषयों पर आधारित होंगी।

प्रत्येक जिले की पाँचवीं एवं आठवीं बोर्ड परीक्षा में सर्वश्रेष्ठ स्थान प्राप्त करने वाले उत्कृष्ट एवं मेधावी एक छात्र एवं एक छात्रा को राज्यस्तरीय बाल दिवस समारोह में बालश्री पुरस्कार से सम्मानित किया जायेगा।

कक्षा 10 वीं की प्रावीण्य सूची में प्रथम 10 स्थान प्राप्त करने वाले तथा कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षा की संकायवार प्रावीण्य सूची में प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को राज्यस्तरीय बाल दिवस समारोह में सम्मानित किया जायेगा।

16.3 बाल फिल्म समारोह :–

मध्यप्रदेश बाल फिल्म समारोह का आयोजन स्कूल शिक्षा विभाग के अंतर्गत उस्ताद अलाउद्दीन ख़ाँ संगीत एवं कला अकादमी मध्यप्रदेश संस्कृति परिषद, भोपाल तथा बालचित्र समिति मुम्बई के संयुक्त तत्वावधान में वाणिज्य कर विभाग तथा जन संपर्क विभाग के सहयोग से सम्पन्न होगा। बाल फिल्म समारोह के आयोजन की तिथियों के संबंध में पृथक से आदेश जारी किये जाएंगे।

16.4 राष्ट्रीय बालरंग :–

बच्चों की सृजनात्मक प्रतिभा को विकसित करने के लिये बालरंग का आयोजन किया जाता है। इसके अंतर्गत विभिन्न स्तरों पर निम्नानुसार सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाऐगाः–

सांस्कृतिक प्रतियोगिता	शाला स्तर	विकासखण्ड स्तर	जिला स्तर	संभाग स्तर	राज्य स्तर
वादन, लोकनृत्य, शास्त्रीय नृत्य,	06 अक्टूबर 2007 तक	23 अक्टूबर 2007	26 अक्टूबर 2007	30 अक्टूबर 2007	16–17–18 नवम्बर 2007

राष्ट्रीय स्तर पर बालरंग का आयोजन, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय में होगा। प्रतियोगी छात्र राष्ट्रीय बाल रंग में प्रस्तुत होने वाली प्रस्तुतियों का अवलोकन भी कर सकेंगे।

